सार-समाचार

श्रीजी के किए दर्शन

नाथद्वारा, (निसं)। रिलायंस प्रमुख व मन्दिर मण्डल उपाध्यक्षा कोकीला बेन बेन अबानी व अनील अबानी ने श्रीनाथजी के आरती के दर्शन किए महाप्रभु जी की बैठक मे युवराज विशाल बावा ने उनका फेटा उपरना रजाई प्रसाद प्रदान कर स्वागत किया।

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

डूंगरपुर, (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र में आए दिन निजी कंपनियों द्वारा केबल बिछाने के दौरान पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त किया जाता है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है। इसी तरह शनिवार को भी तहसील चौराहे पर पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी, जिसके कारण शनिवार को लाखो लीटर जहां पानी व्यर्थ बह गया। जिसके कारण शनिवार को शास्त्री कॉलोनी, आदर्शनगर लिंक रोड सहित भीतरी शहर में होने वाली पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। जानकारी मिलते ही जलदाय विभाग के सहायक अभियंता एवं कार्मिक मौके पर पहुंचे तथा पेयजल आपूर्ति की लाइन को ठीक करने का प्रयास किया गया लेकिन पूरी तरह दुरुस्त नहीं होने के कारण रविवार को भी होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता वितरण शंकर लाल रोत ने बताया कि आए दिन नगर परिषद क्षेत्र में केबल डालने तथा सीवरेज लाइन के कार्य के दौरान पाइप लाइनों को तोडा जा रहा है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है।

पुलिस उप अधीक्षक का स्वागत

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा में मिनी सचिवालय में व्यापार मंडल दोवडा की तरफ से पुलिस उप अधीक्षक आसपुर हरजीराम चौधरी का व्यापार मंडल की तरफ से देवसोमनाथ मंदिर की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पाटीदार, महामंत्री कांतिलाल पाटीदार, उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पाटीदार, सूर्यवीर सिंह राठौड, जयंतीलाल पाटीदार, विजय कलाल, मणिलाल खटीक, राजेश दर्जी, संजय कुमार पाटीदार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी डूंगरपुर के महामंत्री मनोज पाटीदार, दोवडा थाना अधिकारी मदन लाल खटीक, सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल हंसमुख पंचाल आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सरपंच दोवडा दया शंकर परमार, रघुनाथपुरा गणेश लाल ननोमा, रागेला मांगीलाल ननोमा, वसी पाल वासुदेव कटारा, पूर्व सरपंच फलोज सूरजमल अहारी, ब्लॉक काँग्रेस उपाध्यक्ष रूपदेव ननोमा, पूर्व उप प्रधान वल्लभ राम पाटीदार, सिंह नितिन आदि उपस्थित रहे।

विद्युत खंभों में दौड़ा करंट

डूंगरपुर, (निसं)।शहर की बिगडती विद्युत व्यवस्था को लेकर कई बार जिला प्रशासन सहित निगम के अधिकारियों को अवगत कराया जाता है लेकिन इसके बावजूद न तो भीतरी शहर की लाइनों को व्यवस्थित किया जाता है और न ही इस पर कोई कार्यवाही होती है जिसके चलते आए दिन भीतरी शहर के विद्युत पोलो के करंट दौडना सामान्य बात हो गई है। जिसके कारण पिछले दिनों घाटी क्षेत्र में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई थी। शनिवार को माणक चौक से लगाकर पुराना अस्पताल तक विद्युत पोलो के करंट दौडने लगा लेकिन जागरूक नागरिकों की सजगता से समय रहते विभाग को अवगत करा दिया गया, और काफी मशक्कत के बाद विभाग के कार्मिकों को करंट दौडने की मुख्य वजह का पता चल पाया। जिसके चलते भीतरी शहर में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जबकि बारिश के पूर्व कई बार रखरखाव के नाम पर विद्युत आपूर्तिया बंद की गई थी। लेकिन इसके बावजूद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। नागरिकों ने भीतरी शहर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को चाक चौबंद करने की मांग की है। ताकि होने वाले हादसों से बचाया जा सके।

कार्यशाला का आयोजन

राजसमंद, (निसं)। जिले के राउमावि बोरज में उप प्राचार्य नारायणसिंह राव की अध्यक्षता में मतदाता क्लस्टर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अहर्ता दिनांक तक 18 वर्ष की आयु करने वाले लोगों को जागरूक करने एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया गया। सुपरवाइजर राकेश कुमार सेन ने 17 से 18 वर्ष या 18 वर्ष पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुडवाने की प्रक्रिया से अवगत कराया एवं विद्यार्थियों को कहा कि आप स्वयं एवं अपने परिवार एवं मोहल्ले में जो लोग इस आयु को प्राप्त कर चुके हैं उनके नाम मतदाता सूची में अवश्य जुडवाने का प्रयास करें। उप प्राचार्य नारायणसिंह राव ने निर्वाचन साक्षरता क्लब की जानकारी देते हुए लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

लोहारिया हाईवे से हटेंगे अतिक्रमण

बांसवाड़ा, (निसं)। सम्भागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने लोहारिया गांव से निकलने वाले हाईवे पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही के लिये अधिकारियों को निर्देश दिए। उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण की वजह से यातायात में बाधा उत्पन्न होती है जिसके बारे में आयुक्त को सूचना मिली थी जिस पर शनिवार को डॉ. पवन ने मौके का जायजा लेते हुए अतिक्रमण हटाने के लिये सम्बंधित अधिकारियो को निर्देश दिये।

सांवलिया सेठ के भंडार से निकले 6 करोड़ 11 लाख रुपए

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में दो दिवसीय हरियाली अमावस्या का मेला प्रारंभ हो गया है। मेले के प्रथम दिन चतुर्दशी शनिवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर एवं भदेसर उपखंड अधिकारी विजयेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में भगवान सांवलिया जी सेठ का विशाल भंडार खोला गया। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि चतुर्दशी को खोले गए भंडार से 06 करोड 11 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए।

उन्होंने ने बताया कि भंडार से बची

■ **शेष राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी**

भंडार गिनती में उपस्थित मंदिर बोर्ड अध्यक्ष गुर्जर, एसडीएम पांडेय एवं पदाधिकारी।

राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रुपयों की गिनती होना शेष है। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। भंडार गिनती में भदेसर तहसीलदार हेमेंद्र मीणा, कपासन प्रधान एवं मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल जाट, संजय कुमार मंडोवरा, भेरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, श्रीलाल पाटीदार, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, लेखाधिकारी राघव शर्मा, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, लेहरी लाल गाडरी, मनोहर लाल चौबीसा सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार समीपवर्ती नरबदिया गांव स्थित अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल का भंडार भी खोला गया।

11 हजार कावड़िये करेंगे महादेव का अभिषेक

उदयपुर (कासं)। शिव महोत्सव समिति की ओर से आगामी 9 अगस्त को गंगा के चौथे पाये गंगु कुंड से उभयेश्वर महादेव तक की निकाली जाने वाली 19वीं विशाल कावड यात्रा के हर वर्ग की भागीदारी को लेकर आयोजित सात दिवसीय समारोह के तीसरे दिन शनिवार को गंगु कुंड परिसर में बने नगर निगम सामुदायिक भवन में महादेव धर्मोत्सव समिति की ओर से दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा। पंडित पवन शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, एडवोकेट उदय सिंह देवडा की टीम द्वारा 24 घंटे तक विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ संगीतमय रामायण पाठ किया जायेगा।

मंगल भवन अमंगल हारी से गुंजा गंगोद भव कुंड परिसर।

इस अवसर पर अध्यक्ष यज्ञ नारायण शर्मा, सात दिवसीय समारोह संयोजक एडवोकेट रामकृपा शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद एवं गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चौधरी, विजय वैष्णव, मानसिंह हाडा, सुरेश रावत, महेश भावसार, भागीदारथ सिंह, सुरेश साहू, संतोष शर्मा, गोपाल रावल, पुष्कर दवे, शेखर रावल, कर्ण सिंह शक्तावत आदि मौजूद रहे।

दशामाता का 10 दिवसीय व्रत अनुष्ठान आज से

डूंगरपुर, (निसं)। शहर सहित जिले के विभिन्न गांवो एवं कस्बों में रविवार से हरियाली अमावस्या के साथ ही वागड अंचल में प्रारम्भ होने वाले सुख एवं सौभाग्य की कामना के दस दिवसीय दशामाता पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। श्रद्धालु बाजार में व्यापारियों द्वारा लाई गई मातारानी की कलात्मक प्रतिमाओं के साथ ही पूजन सामग्री की खरीददारी करने बाजार में पहुंच रहे है। श्रावण शुक्ला प्रतिपदा को श्रद्धालु शुभ मुहुर्त में ढोल नगाडों के साथ अपने घरों में मातारानी की प्रतिमा को स्थापित करेंगे। 1० दिवसीय पर्व पर रोजाना अलग-अलग दशा माता का श्रृंगार, साज सज्जा एवं प्रसाद का भोग धराया जाएगा। वहीं प्रतिदिन सुबह एवं शाम को पूजा अर्चना के साथ आरती की जाएगी।

पोस्टर प्रतियोगिता में एल्बिन प्रथम

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग मे चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग एवं गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह 2024 के उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉ. विजया अजमेरा के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में प्रिंसिपल प्रो. डॉ.

■ **गर्भवती महिलाओं व माताओ को स्तनपान के लाभ, महत्वता के बारे में बताया**

विश्व स्तनपान सप्ताह 2024 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

योगेश्वर पूरी गोस्वामी, प्रिंसिपल प्रो. दिनेश कुमार शर्मा, एकेडेमिक ऑफिसर प्रो. कमलेश जोशी सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत सिंह शक्तावत विभागाध्यक्ष चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग एवं माधुरी व्यास असिस्टेंट प्रोफेसर गायनेकोलॉजी नर्सिंग द्वारा किया गया।विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत स्तनपान की विशेषता, महत्वता एवं अनिवार्यता पर जानकारी शिक्षकों द्वारा विभिन्न सत्रों के रूप में दी गयी कार्यक्रम में शैक्षिणक सत्र, हेल्थ एजुकेशन, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, रैली, स्किट, स्पीच आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमे बी.एससी. नर्सिंग तृतीय वर्ष एवं जी. एन.एम. तृतीय वर्ष के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमे पोस्टर में प्रथम एल्बिन, टेस्सी द्वितीय केविन, नैंसी एवं प्रश्नोत्तरी में राजवीर, रेवती, वर्षा, प्रवीण, आयुष, रेखा, तुषिता, एवं स्पीच में प्रथम शीतल चनवाल, द्वितीय एल्बिन सीबी आदि छात्रों ने स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत गीतांजलि हॉस्पिटल की गायनिक ओपीडी में माताओ को पोस्टर एग्जिबिशन कर हेल्थ एजुकेशन दी गयी, इसका शुभारंभ गीतांजलि हॉस्पिटल उदयपुर के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. हरप्रीत सिंह जी के द्वारा किया गया।

स्तनपान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कॉलेज छात्रों द्वारा रैली, हेल्थ एजुकेशन एवं नाटक मंचन विजय सिंह पथिक नगर कच्ची बसती सवीना उदयपुर में किया गया, इसमें 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं एवं माताओ को स्तनपान के लाभ, अनिवार्यता, महत्वता के बारे में बताया गया।

सार-समाचार

प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

राजसमंद, (निसं)। लघु उद्योग भारती राजसमंद का प्रतिनिधि मंडल अखिल भारतीय संगठन मंत्री लघु उद्योग भारती प्रकाशचंद्र के निर्देशानुसार जयपुर जाकर उपमुख्य मंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल द्वारा निवर्तमान राजसमंद सांसद को वर्तमान राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के दायित्व के लिए समस्त लघु उद्योग भारती राजसमंद परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी। साथ ही वर्तमान बजट में जिले को मार्बल मंडी की सौगात दिये जाने के लिए आभार ज्ञापित किया गया। राजसमंद क्षेत्र के औद्योगिक एवं सर्वांगीण विकास एवं मृत प्राय: हुए मार्बल व्यवसाय को संजीवनी प्रदान करने के लिए प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष संदीप सामसुखा ने विस्तृत रूप से स्वदेशी (घरेलू) मार्बल एवं ग्रेनाइट पर जीएसटी कम करने, राजसमंद क्षेत्र को औद्योगिक गैस पाइप लाइन से जोडने एवं सिरेमिक क्लस्टर की घोषणा, डीएमएफटी कोष द्वारा क्षेत्र के विकास में कन्वेंशन एवं फैसिलिटेशन सेंटर, एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल सेंटर, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, माइनिंग एवं औद्योगिक क्षेत्रों में सडक परिवहन सुदृढीकरण, प्रदूषण मुक्ति के लिए माइनिंग क्षेत्र से निकलने वाले वाहनों की वाटर स्प्रिंकलर से धुलाई, बेहतर अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा, सीडीओएस द्वारा एशिया के सबसे बडे मार्बल के उत्पादन एवं प्रसंस्करण केंद्र राजसमंद पर प्रदर्शनी के आयोजन करने, इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक कॉरिडोर कनेक्टिविटी एवं मार्बल ग्रेनाइट पर रॉयल्टी दरें कम करने के विषय साझा किए। विषयों को संज्ञान में लेते हुए उपमुख्य मंत्री द्वारा वित्त सचिवालय, माइनिंग विभाग, जिला कलेक्ट्रेट पर संवाद कर आवश्यक निर्देश दिए एवं सकारात्मक गतिशील निर्णयों का आश्वासन देते हुए सचिवालय में वित्त सचिव एवं संबंधित अधिकारियों से मिलना एवं ज्ञापन की प्रतिलिपि देना सुनिश्चित किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री हेमंत सहलोत, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल कोठारी, हर्षलाल नवलखा, उपाध्यक्ष उत्तम कावडिया, जेतपुरा इकाई अध्यक्ष रमेश बियानी, रवींद्र मेडतिया, सचिव कुलदीप व्यास एवं प्रकाश हिंगर, कार्यकारिणी सदस्य संजय व्यास मौजूद थे।

भजन संध्या का आयोजन

बांसवाड़ा, (निसं)। श्री पीताम्बरा आश्रम में श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति की ओर से ख्यात कथावाचक पं. देवकीनन्दन जोशी की तेरहवीं पुण्यतिथि पर एक शाम नन्दन के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायकों ने संगीत गुरु पं. देवकीनन्दन जोशी द्वारा रचित एवं दशकों तक लोकप्रिय रहे उनके भजनों की लोकवाद्यों की संगत पर माधुर्यपूर्ण प्रस्तुतियों से भावपूर्ण श्रद्धान्जलि अर्पित की। भजन संध्या में किंकर कपिल जोशी, अमृतलाल सनाढ्य, गजेन्द्र पंड्या, माधव जोशी, नन्दकिशोर वैष्णव, सुशील त्रिवेदी, चन्द्रकान्त कंसारा, अशोक पालीवाल, विष्णु कंसारा, हितेश वैष्णव, हरीश पंचाल, संजय सेठिया एवं लोकेन्द्र पुरोहित ने गुरुजी द्वारा रचित भजनों का गायन कर गुरु के प्रति कृतज्ञता अंजलि अर्पित की। इस दौरान कन्हैयालाल राव ने ढोलक, राजेन्द्र वैष्णव ने मंजीरे व अनुज कुमार तिवारी ने करताल पर संगत दी। इससे पूर्व भजन गायकों ने हनुमान विठाह की पूजा-अर्चना के उपरान्त आध्यात्मिक विभूति संत स्वामी हरिहरस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज एवं संगीतकार पं. देवकीनन्दन जोशी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। भजन संध्या के उपरान्त श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के संचालक किंकर कपिल जोशी ने हनुमान आरती विधान पूर्ण किया।

ग्रीन डे श्रावण उत्सव मनाया

राजसमंद,०(निसं)। जिला मुख्यालय स्थित संस्कार सेकेंडरी स्कूल कमल तलाई में श्रावण मास और हरियाली अमावस के उपलक्ष में शनिवार को ग्रीन डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार माली द्वारा मां वीणापाणि के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद कक्षा नर्सरी से सेकंड तक के बालक-बालिकाओं के द्वारा सरस्वती वंदना की गई। इसके बाद बालकों ने हरे रंग की ड्रेस पहन कर पास में स्थित फार्म हाउस पर भ्रमण करते हुए प्रकृति की हरियाली से अवगत हुए तथा पेड पौधों से परिचय प्राप्त किया। इसी के साथ सेव ट्री पर अध्या प्रभारी सुनीता शर्मा, ललित कुमावत आदि ने पेडों का महत्व समझाया। इसके बाद प्रभारी सुमित्रा पालीवाल, प्रिया माली, हेमलता श्रीमाली ने बालकों ने विद्यालय के खेल मैदान पर छाता रेस, रेनी डांस, फैंसी ड्रेस तथा सब्जियों फलों व पेड की प्रति तथा मॉडल बनाकर गतिविधि करवाई। इसी क्रम में छाता रेस में प्रथम व द्वितीय कक्षा के युवराज कुमावत प्रथम, द्वितीय स्थान पर मनीषसिंह जाट व तृतीय स्थान पर निकुंज कुमावत व केजी ग्रुप में प्रथम अजय सालवी, द्वितीय प्रियांशु पुर्बिया, तृतीय कुणाल देवडा व वेदांशी कुमावत रही। यह जानकारी मिडिया प्रभारी सुमित्रा पालीवाल ने दी।

स्वर्ण प्राशन शिविर आज

राजसमंद, ०(निसं)। राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा हर पुष्य नक्षत्र को आयोजित होने वाला इस सत्र का पांचवा स्वर्ण प्राशन शिविर रविवार को होगा। शिविर प्रभारी डॉ परसराम योगी ने बताया कि शिविर में जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के सभी बच्चों को नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन ड्रॉप्स पिलायी जाएगी। पूर्व में चारों शिविर में स्वर्ण प्राशन ड्राप्स पीने वाले बच्चें भी नियमित रूप से दवा का सेवन करने शिविर में आएं। शिविर का समय प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर रहेगा।

शॉर्ट फिल्म में दिखेगी डूंगरपुर की प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में पर्यटन की दृष्टि से उपलब्ध प्रचुर संभावनाओं, जिले की समृध्द ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को देश और राज्य के पर्यटन मानचित्र पर पहचान दिलाने के लिए एक शार्ट फिल्म तैयार करवाई जा रही है। दो दिन तक शार्ट फिल्म की शूटिंग उदयविलास, गैप सागर, बेणेश्वर धाम, देवसोमनाथ आदि स्थानों पर की जाएगी।

जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के संरक्षण और पीआरओ विपुल शर्मा के मार्गदर्शन में डूंगरपुर जिले में पर्यटन

■ **पहले दिन उदय विलास पैलेस, जूना महल, हजारेश्वर महादेव पर फिल्माए गए सीन**

■ **जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने किया शॉर्ट फिल्म का मुहूर्त**

को बढावा देने के लिए भरत कंसारा के निर्देशन में डूंगरपुर जिले के ऐतिहासिक और प्राकृतिक रमणीय स्थानों को

जिला कलक्टर सिंह के साथ शूटिंग यूनिट।

दर्शाया जाएगा। फिल्म के निर्देशक सुदीश खनुजिया और फिल्म की हीरोइन उर्वशी शर्मा है, जिन्होंने लावास्ते फिल्म के साथ ही बडे बजट की कई विज्ञापन फिल्मों में काम किया है। बादल महल, गेपसागर,उदय बिलास पैलेस, देवसोमनाथ, हजारेश्वर महादेव, जूनागढ पैलेस, फतहेगढी, नवलक्खा बावडी, बेणेश्वर धाम पर शूट होंगे।

पहले दिन उदय विलास पैलेस, जूना महल, हजारेश्वर महादेव आदि स्थानों पर फिल्म के ओपनिंग सीन फिल्माए गए। सीन की शुरुआत कुछ इस तरह हुई- मैं घुमक्कडी हूं। अमरीका, यूरोप, कनाडा... 8० से ज्यादा देश देख चुकी हूं। कहते हैं यात्राएं आपको वो सिखाती हैं जो कोई नहीं सिखा सकता... हर यात्रा एक नोवल पढने के बराबर है... घुमक्कडी एक कस्टमाइज्ड बस में उदयपुर की ओर जा रही है और बाहर देख रही है। बस कहीं रुकती है और उसका बैग दूसरे यात्री से बदल जाता है। यात्री बस से उतरता है, अचानक उसे पता चलता है कि उसका बैग बदल गया है, वो जोर से चिल्लाती है और उसका पीछा करती है लेकिन वो एक कस्टमाइज्ड बाइक से फरार हो जाता है... वो उदास हो जाती है। उसके बैग में मैकबुक एयर है। वो तुरंत अपना फोन निकालती है और ट्रैक माई डिवाइस ऐप खोलती है... इसके बाद फिल्म में कई दिलचस्प मोड आते हैं। दर्शक मेरा डूंगरपुर, मेरा राजस्थान... थीम पर आधारित इस फिल्म में डूंगरपुर की खूबसूरती का अनुभव करेंगे।

राउमावि नगर में ब्लॉक स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ

बांसवाड़ा, नगर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीईओ रेखा रोत की अध्यक्षता एवं एसीबीईओ हितेश स्वर्णकार के सानिध्य में किया गया। द्वितीय दिवस सत्र में बेटियां हैं अनमोल उन्हें अच्छी परवरिश कैसे दी जाए विषय पर मुख्य अतिथि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ. रक्षा सराफ ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ चर्चा की गई। सराफ ने कहा कि माता-पिता परिवार के पश्चात शिक्षक ही है जो स्नेह और आत्मीयता के साथ बच्चो में अनुशासन और संस्कारों का बीजारोपण करता है। नियमित संवाद, हाव भाव, मनरूस्थिति आदि को पहचानकर बेटियों की भावना को समझे और उनमें आत्मविश्वास पैदा करे तभी वे सशक्त होकर अपने स्वयं के लिए निडरता से खड़ी हो पाएगी। बेटियों की परवरिश में उन सभी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकें बल्कि समाज में अपनी पहचान भी बना सकें। उन्हें प्यार, सम्मान और समर्थन प्रदान करना महत्वपूर्ण है ताकि वे एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें।

संभागीय आयुक्त के. पवन ने बच्चों को दिए टिप्स



संभागीय आयुक्त न्बच्चों को हलुआ-पूड़ी परोसकर कृष्ण भोग का शुभारंभ किया।

बांसवाड़ा, (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने शहर के समीप लक्ष्मणगढ़ झरी स्थित राउमावि का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए शिक्षण सहित विभिन्न विद्यालयी प्रबन्धों और गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। संभागीय आयुक्त ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के बच्चों से संवाद करते हुए उनके मन की कल्पनाओं, भविष्य के सपनों, घर-परिवार की स्थिति, स्कूली व्यवस्थाओं, आवश्यकताओं, खेलकूद आदि के बारे में बातचीत करते हुए सुनहरे भविष्य को पाने के लिए टिप्स दिए वहीं उन्होंने बच्चों से सूचना के अधिकार सहित ग्रामीण विकास गतिविधियों के साथ ही सामान्य ज्ञान एवं परिवेश पर विभिन्न प्रश्न भी पूछे। जिस पर सहजतापूर्वक सभी प्रश्नों के संतोषजनक जवाब देने पर संभागीय आयुक्त ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की। संभागीय आयुक्त डॉ. पवन ने भामाशाह प्रेरणा उपाध्याय की ओर से आयोजित कृष्ण भोग का शुभारंभ विद्यार्थियों को हलवा-पूड़ी खिला कर किया। साथ ही विद्यार्थियों को स्टेशनरी भी प्रदान की। सरकारी स्कूल में इस तरह के आयोजन को संभागीय आयुक्त ने सराहते हुए जिले के भामाशाहों से भी आगे आकर गांवों में रहने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने का आव्हान किया।संभागीय आयुक्त डॉ. पवन ने इस दौरान उप प्रधानाचार्य कीर्ति श्रीमाल, प्रीति जैन आदि मौजूद रहे।